**राजस्थान सरकार**
**स्वायत्त शासन विभाग**

टेलीफैक्स : 0141–2222403, 2222469 ईमेल : dlbrajasthan@gmail.com वेबसाइट : www.lsg.urban.rajasthan.gov.in

क्रमांक : एफ 55( )अभि./सीई/डीएलबी/2021/PSKSA/112106-318 दिनांक : 01/07/2021

**आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी,**
**नगर निगम/परिषद/पालिकायें,**
**समस्त राजस्थान।**

**विषय : 'प्रशासन शहरो के संग अभियान–2021'' के दौरान स्वच्छता के लिये जन जागरूकता एवं विकास कार्य करवाने बाबत।**

उपरोक्तानुसार विषयान्तर्गत लेख है कि राज्य सरकार द्वारा राज्य के शहरी क्षेत्रों की आम जनता को आवश्यक सुविधायें उपलब्ध कराने एवं मूलभूत कार्यो के त्वरित निस्तारण करने के उद्देश्य से ''प्रशासन शहरों के संग अभियान–2021'' आगामी 02 अक्टूबर, 2021 से प्रारम्भ किया जा रहा है। अभियान के दौरान स्वच्छता के लिये जन जागरूकता एवं विकास कार्य तथा शहरों को खुले में शौच मुक्त किये जाने हेतु व्यक्तिगत शौचालय हेतु घरेलु इकाई एवं सामुदायिक शौचालय स्थलों का चिन्हिकरण एवं स्वीकृति जारी करने की कार्यवाही की जायेगी।

इस सम्बन्ध में लेख है कि अभियान से पूर्व 15 अगस्त, 2021 तक शौचालय विहीन घरों में व्यक्तिगत घरेलू शौचालयों, सामुदायिक शौचालय/सार्वजनिक शौचालयों (CT/PT) एवं बाजारों में यूरिनल्स के सर्वे/निर्माण हेतु निम्नानुसार कार्यवाही की जावे :–

1. व्यक्तिगत घरेलु शौचालय (IHHL) :
   - शहरी क्षेत्र में जिन नये घरों में शौचालय नहीं हैं, उनमें शौचालयों की आवश्यकता का आंकलन करना।
   - घरेलु शौचालयों के निर्माण हेतु उक्त विवरण के आधार पर भवन मालिक/लाभार्थी से निर्धारित फॉर्म में जानकारी भरवाकर प्रत्येक निकाय द्वारा आवश्यक घरेलु शौचालयों के निर्माण की कार्ययोजना तैयार करना।
2. सामुदायिक शौचालय/(CT) :
   - शौचालय विहीन घर, जिनमें शौचालय बनाने की जगह उपलब्ध नहीं है, उनको सामुदायिक शौचालय से जोड़ने हेतु प्रस्तावित सामुदायिक शौचालय में सीट्स का निर्धारण करना।
   - घनी आबादी वाली कच्ची बस्तियों में सामुदायिक शौचालय (CT) की आवश्यकता का आंकलन करते हुये, शौचालयों (CT/PT) की संख्या का निर्धारण करना।
   - सामुदायिक शौचालय (CT) के निर्माण हेतु उचित स्थान पर भूमि/स्थल का चिन्हिकरण करना।
   - सामुदायिक शौचालय (CT) के निर्माण हेतु कार्य योजना तैयार करना।

3. बाजारों में सार्वजनिक शौचालय (PT) :

- व्यापारिक केन्द्रों/बाजारों, पर्यटनों स्थलों व सार्वजनिक स्थलों पर सार्वजनिक शौचालय (PT)/मूत्रालय की आवश्यकता का आंकलन करना।
- बाजारों व सार्वजनिक स्थलों में सार्वजनिक शौचालय (PT)/मूत्रालय के निर्माण हेतु सर्वे व स्थान का चिन्हिकरण करना।
- सार्वजनिक शौचालय (PT)/मूत्रालय के निर्माण हेतु कार्य योजना तैयार करना।

अतः उपरोक्तानुसार नगरीय निकाय क्षेत्रों में व्यक्तिगत घरेलु शौचालयों (IHHL), सामुदायिक शौचालय (CT) एवं व्यापारिक केन्द्रों/बाजारों, पर्यटन स्थलों व सार्वजनिक स्थानों पर सार्वजनिक शौचालयों (PT)/मूत्रालयों के निर्माण हेतु आवश्यकता का आंकलन करने, सर्वे करने, आवश्यक भूमि/स्थल का चयन करने एवं निर्माण हेतु कार्य योजना तैयार करने की कार्यवाही ''प्रशासन शहरो के संगल अभियान–2021'' से पूर्व 15 अगस्त, 2021 तक आवश्यक रूप से पूर्ण करते हुये उपरोक्तानुसार सूचना संलग्न निर्धारित प्रपत्र में विभाग के ई–मेल cedlbjp@gmail.com पर भिजवाना सुनिश्चित करें।

संलग्न : प्रपत्र।

(दीपक नन्दी)
**निदेशक एवं विशिष्ठ सचिव**

क्रमांक : एफ 55( )अभि./सीई/डीएलबी/2021/ PSKSA/112319-615 दिनांक :01/07/2021
प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

01. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री महोदय, स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान जयपुर।
02. निजी सचिव, सलाहकार, नगरीय विकास, आवासन एवं स्वायत्त शासन विभाग, राज. जयपुर।
03. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास विभाग, राजस्थान जयपुर।
04. निजी सचिव, शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान जयपुर।
05. महापौर/सभापति/अध्यक्ष, नगर निगम/परिषद/पालिकायें, समस्त राजस्थान।
06. सम्भागीय आयुक्त (समस्त), राजस्थान।
07. जिला कलेक्टर्स (समस्त), राजस्थान।
08. मुख्य अभियन्ता/वित्तीय सलाहकार/परियोजना निदेशक/उप निदेशक (सांख्यिकी), निदेशालय।
09. उप निदेशक (क्षेत्रीय), स्थानीय निकाय विभाग (समस्त), राजस्थान।
10. सम्भागीय अधीक्षण अभियन्ता, समस्त नगर निगम, राजस्थान।
11. सिस्टम एनालिस्ट/प्रोग्रमर, निदेशालय को वेबपोर्टल पर अपलोड़ करने हेतु।
12. उप निदेशक (जन सम्पर्क), निदेशालय को मीड़िया में प्रकाशनार्थ।
13. सुरक्षित पत्रावली।

1/7/21

(भूपेन्द्र माथुर)
**मुख्य अभियन्ता**

व्यक्तिगत घरेलु शौचालय (IHHL), सामुदायिक शौचालय/सार्वजनिक शौचालय (CT/PT) एवं यूरिनल्स के निर्माण के सम्बन्ध में।

नाम नगर निकाय :

प्रपत्र–'अ'

अ. व्यक्तिगत घरेलु शौचालय (IHHL) :

| क्रम सं. | वार्ड की संख्या/बस्ती का नाम | नये घरों की संख्या, जिनमें शौचालय नहीं है। | IHHL लाभार्थियों की कुल संख्या | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. |

प्रपत्र–'ब'

ब. सांमुदायिक शौचालय (CT) :

| क्रम सं. | बस्ती का नाम व स्थान | सामुदायिक शौचालय (CT) के लिये चिन्हित स्थान का नाम | सामुदायिक शौचालय (CT) में सीट्स की संख्या | सामुदायिक शौचालय (CT) से शौचालय विहीन लाभार्थियों की अनुमानित संख्या | सामुदायिक शौचालय (CT) के निर्माण हेतु अनुमानित लागत राशि (रूपये लाखो में) | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |

प्रपत्र–'स'

स. सार्वजनिक स्थानों पर सार्वजनिक शौचालय (PT) व मूत्रालय :

| क्रम सं. | सार्वजनिक शौचालय (PT) व मूत्रालय के लिये चिन्हित स्थान का नाम | सार्वजनिक शौचालय (PT) व मूत्रालय में आवश्यक सीट्स की संख्या | सार्वजनिक शौचालय (PT) व मूत्रालय से लाभार्थियों की अनुमानित संख्या | सार्वजनिक शौचालय (PT) व मूत्रालय के निर्माण हेतु अनुमानित लागत राशि (रूपये लाखो में) | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |